Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 15-03-2007

Participants : Shakya Shri Raghuraj Singh

an>

Title: Need to take steps to check hoarding and black-marketing of essential commodities in the Country.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा): सदन के माध्यम से जनहित एवं राट्रहित की प्रमुख समस्या की ओर ध्यान आकृट करते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी को अवगत कराना चाहता हूं कि मंहगाई चरम सीमा पर है। गरीब, किसान, मजदूर, दैनिक उपभोक्ता दामों में वृद्धि के कारण परेशान हैं1 यहां तक कि भोजन भी मिलना दूभर हो गया है। आम आदमी घुटन महसूस कर रहा है। पिछले एक वर्ा में दामों में दुगुने से भी ज्यादा की वृद्धि हुई है। भुखमरी से लोगों की मौत हो रही है। जमाखोरों एवं कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है और ऐसी हालत बनी रही तो आने वाले दिनों में समस्या गंभीर हो जाएगी।

अस्तु, सदन से आग्रह है कि समस्या के समाधान हेतु किसानों को प्रोत्साहन दे ताकी जमाखारों एवं कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए एवं मूल्यवृद्धि के कारणों का पता लगाने हेतु एक निपक्ष कमेटी बनाने की कृपा करें जिससे समस्या का समाधान हो सके।